प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन

पंतनगर। 31 अक्टूबर 2022। विश्वविद्यालय में लौह पुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर शारीरिक शिक्षा अनुभाग द्वारा विश्वविद्यालय के स्टीवेंशन स्टेडियम से गांधी पार्क तक प्रातः 7:00 बजे राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि कुलसचिव, डा. ए.के. शुक्ला द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न अधिकारियों स्टाफ कर्मियों, छात्रावास अभिरक्षकों, अभिरक्षिकाएं एवं विद्यार्थियों सहित अत्यधिक संख्या में प्रतिभागियों द्वारा उक्त दौड़ में प्रतिभाग किया गया।

इस अवसर पर अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह द्वारा संबोधन में लौह पुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल के महान कार्यों को वर्णित किया तथा उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया एवं समस्त प्रतिभागियों एवं कर्मियों का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा में पुष्प अर्पित कर उक्त दौड़ में प्रतिभागियों को संबोधित किया।

उक्त दौड़ का आयोजन अधिष्ठाता छात्र कल्याण के मार्गदर्शन में सह अधिष्ठात्री छात्र कल्याण एवं प्रभारी शारीरिक शिक्षा, डा. पूनम त्यागी, डा. भाष्कर तिवारी, डा. जी.एस. बोरा, डा. एच.एस. पपोला, श्री विजय, श्री रामपाल एवं शारीरिक शिक्षा अनुभाग के समस्त कर्मचारियों द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

दौड़ का शुभारम्भ करते कुलसचिव, डा. ए.के. शुक्ला।